# प्रदेश भर में महंगाई राहत शिविरों की शुरुआत

## चर्चा में क्यों?

- 24 अप्रैल, 2023 को मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने जयपुर ज़िले की महापुरा ग्राम पंचायत से महंगाई राहत शिविरों का शुभारंभ किया। उन्होंने शिविर में लाभार्थियों को मुख्यमंत्री गारंटी कार्ड प्रदान किये।

## प्रमुख बिंदु

- गौरतलब है कि 23 अप्रैल, 2023 को मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने अपने निवास पर महंगाई राहत कैंप के पंजीकरण पोर्टल एवं वेबसाइट का लोकार्पण एवं महंगाई राहत कैंप की दिशा-निर्देश पुस्तिका का विमोचन किया था।
- आमजन को महंगाई से राहत देने के लिये प्रदेश भर में महंगाई राहत शिविरों की शुरुआत की गई है। इन महंगाई राहत शिविरों में रजिस्ट्रेशन करवाकर आम लोग राज्य सरकार की 10 प्रमुख जनकल्याणकारी योजनाओं से सीधे तौर पर लाभान्वित हो सकते हैं।
- प्रदेश के सभी ज़िलों में 30 जून तक ये महंगाई राहत शिविर आयोजित होंगे।
- इन महंगाई राहत शिविरों में मुख्यमंत्री गैस सिलिंडर योजना, मुख्यमंत्री निशुल्क बिजली योजना (घरेलू), मुख्यमंत्री निशुल्क कृषि बिजली योजना, मुख्यमंत्री निशुल्क अन्नपूर्णा फूड पैकेट योजना, मुख्यमंत्री ग्रामीण रोज़गार गांरटी योजना, इंदिरा गांधी शहरी रोज़गार गारंटी योजना, सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना, मुख्यमंत्री चिरंजीवी स्वास्थ्य बीमा योजना, मुख्यमंत्री चिरंजीवी दुर्घटना बीमा योजना एवं मुख्यमंत्री कामधेनु पशु बीमा योजना से अधिकाधिक लोगों को जोड़ा जा रहा है।




PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/inflation-relief-camps-started-across-the-state